सार-समाचार

जिला कलक्टर ने किया शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण

प्रतापगढ़,(निसं)। जिला कलक्टर डॉ अंजलि राजोरिया ने शुक्रवार को धरियावद में शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण किया तथा कार्मिकों को राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सेवा की भावना से कार्य करते हुए आमजन को त्वरित राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा क विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी आमजन को सभी योजनाओं से पात्रतानुसार लाभांवित करें। शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से लेकर उसका प्राथमिकता से निस्तारण करें। प्री कैंप में चिन्हित की गई रोशनी, सफाई सहित मूलभूत आवश्यकताओं को शिविरों के माध्यम से निस्तारित करें एवं अधिकाधिक प्रचार प्रसार करें। उन्होंने आमजन से जागरूक होकर शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाने एवं जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित होने की अपील की। उन्होंने विभागीय स्टॉल वार निरीक्षण कर दी जा रही सुविधा के बारे में जानकारी ली और लाभार्थियों से संवाद भी किया।

चाइल्ड हेल्पलाइन ने दी बाल विवाह की जानकारी

डूंगरपुर(निसं)। डूंगरपुर शहर में बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन ने 3 अक्टूबर 2०25 वार शुक्रवार को ब्लॉक डूंगरपुर ग्राम पंचायत सतीरामपुर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को बाल विवाह के बारे में जानकारी एवं शपथ दिलाई गई। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक कल्पित शर्मा ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक मेहुल शर्मा के निर्देशन में केश सुपरवाईजर नारायण लाल बरण्डा, महेंद्र कलाल ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सती रामपुर में जाकर बच्चो को बाल विवाह एवं बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में समझाते हुए कहाँ की बाल विवाह करना एवं करवाना जुर्म है एवं बताया कि करने और करने में शामिल होने वाले जैसे रिश्तेदारों,बारातियों तथा सहयोग करने वाले - हलवाइयों, टैण्ट, शामियाना, बैण्ड बाजे, साउण्ड, फोटोग्राफर, पण्डित व अन्य के लिए सजा एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2००6 के अनुसार 2 वर्ष की सजा और जुर्माने का प्रावधान एवं किशोर न्याय अधिनियम 2०15 के अनुसार 3 वर्ष की सजा 1 लाख तक के जुर्माने या दोनों का प्रावधान के बारे में बताया एवं बाल विवाह न करवाने हेतु शपथ दिलाई गई। चाइल्ड हेल्पलाइन ने आमजन एवं बच्चों से अपील की आपको इस प्रकार से बाल विवाह होते हुए दिखे या इसकी सूचना मिले तो आप तुरन्त इसकी सुचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1०98 पर कॉल कर बताए। चाइल्ड हेल्पलाइन ऐसे बच्चों की मदद के लिए दिन रात (24 घंटा) तत्पर रहती है। यह एक टॉल फ्री नम्बर है। इस पर कॉल करने का कोई पैसा नही लगता है व इस पर कॉल करने वाले का नाम गोपनीय रखा जाता है। बैठक में स्कूल से ओजस्वी परमार प्रधानाचार्य, जिज्ञासा भगोरा उप प्रधानाचार्य, निजामुद्दीन मलिक एवं संजय कुमार प्रजापत माय स्टाफ उपस्थित रहे।

महेंद्र मीणा को मिला ब्रॉन्ज मेडल

प्रतापगढ़(निसं)। 69 वे राज्य स्तरीय विद्यालय 14 वर्षीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 2025-26 में आयोजित विद्यालय सरस्वती विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय रोहिडा सिरोही में तीरंदाजी में प्रतापगढ़ जिले का छात्र महेंद्र मीणा पिता बलवंत मीणा ने प्रथम 30 मीटर में 328 अंक और द्वितीय 30 मीटर में 320 अंक प्राप्त किया। दोनों दूरियों के अंक मिलकर 648 अंक प्राप्त हुए जिसमें महेंद्र मीणा को ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर लिया और एलिमिनेशन राउंड में भी महेंद्र मीणा ने ब्रोंज मेडल प्राप्त किया।

पिंक टॉयलेट का किया उद्घाटन

बांसवाड़ा(निसं)। स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत महात्मा गांधी जयंती स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाते हुए स्वच्छ भारत दिवस पर परिषद क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सफाई कर्मचारी, स्वयं सहायता समूह एवं स्कूलों में प्रतिभागी रहे छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। नगर परिषद आयुक्त दुर्गेश रावल ने बताया कि रोडवेज बस स्टैंड स्थित पिंक टॉयलेट का वर्चुअल लोकार्पण राज्यपाल हरिभाऊ बागडे एवं विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री जाबर सिंह खर्रा ने किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, परिषद के प्रशासक, प्रकाश चंद्र रेगर एवं परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

प्रकृति पूजक सेना की बैठक रविवार को

डूंगरपुर(निसं)। प्रकृति पूजक सेना की बैठक 5 अक्टूबर को पावडिया हनुमान जी मंदिर पावडा घाटी बिछीवाडा में रखी गई है। प्रकृति पूजक सेना के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट चंदूलाल बरंडा ने बताया कि 5 अक्टूबर रविवार को समय प्रात:1० बजे प्रकृति पुजक सेना की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में संगठन को मजबूत करने एवम् आमजन की विभिन्न समस्याओं के कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में आदिवासी महासमिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे आमजन एवम् युवाओं से अपील है की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रकृति पुजक सेना के सदस्य बनकर संगठन को मजबूत बनाएं।

पूर्व सरपंच रायका भाजपा जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

मंडफिया(निसं)। आसावरा माता पूर्व सरपंच अशोक रायका भाजपा जिला उपाध्यक्ष नियुक्त हुए। जानकारी के अनुसार भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड के निर्देशानुसार चित्तौड़गढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष रतन लाल गाडरी ने जिले की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया है जिसमें भदेसर उपखंड क्षेत्र की ठाम पंचायत आसावरा माता के पूर्व सरपंच अशोक रायका को भाजपा जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। पूर्व सरपंच रायका के भाजपा जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त होने की सूचना क्षेत्र के ठामीणों को मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए रायका का स्वागत व सम्मान कर बधाइयां प्रेषित की।

मयूर नगर लोधा में किया रावण दहन

बांसवाड़ा (निसं)। मयूर नगर लोधा में एलएनजे परिवार के लिए दशहरा पर्व पर 40 फीट रावण दहन कार्यक्रम व मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य संचालन अधिकारी शंभू कुमार शर्मा और विशिष्ट अतिथि डेनिम प्लांट के सतपाल महादेव, अरबिंद मिश्रा, दुष्यंत पवार, बीएमडी प्लांट के नवदीप ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने मेले में विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन भी किया। मेले में एलएनजे परिवार की महिला क्लब अध्यक्ष निशी शर्मा के नेतृत्व में महिला क्लब सदस्यायों ने विभिन्न चाट-पकौड़े के स्टॉल और क्लब सचिव ममतेश जैन के नेतृत्व में फन गेम्स का आयोजन किया गया। महा प्रबंधक लीगल एवं पीआर मनोज शाह ने बताया कि रावण दहन के लिये रामरथ सवारी महिला क्लब सदस्या छाया घोष, जानवी वाडकर व शशि कला विश्वकर्मा के नेतृत्व में एलएनजे परिवार के बच्चों ने राम दरबार बनाकर 40 फीट ऊंचे रावण का दहन कर असत्य पर सत्य की जीत का संदेश दिया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। आभार क्लब उपाध्यक्ष गोपाल लाल काबरा ने माना। इस अवसर पर संयुक्त प्रबंध निदेशक राजीव गुप्ता और बिजनैस हेड नरेश कुमार बहेडिया ने एलएनजे परिवार एवं वागड़वासियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं।

राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता सम्पन्न

डूंगरपुर(निसं)। विद्यनिकेतन माध्यमिक विद्यालय नई बस्ती में भारत विकास परिषद मुख्य शाखा डूंगरपूर के द्वारा राष्ट्रीय समुह गान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमे अतिथियो द्वारा मा सरस्वती के समक्ष दीप प्रवजलन व वन्देमातरम कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंचासीन अतिथि शाखा अध्यक्ष मांगीलाल कुमार, प्रांतीय संरक्षक गिरीश पानेरी, उपाध्यक्ष हरिराम मीणा, नरेश जोशी, ओम प्रकाश चौबीसा, राजेश चौबीसा, जगदीश वैष्णण, स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास व्यास रहे। मुख्य वक्ता गिरीश पानेरी ने प्रतियोगिता की जानकारी एवं समूह गान के महत्व के बारे में प्रकाश डाला। कार्यक्रम में निर्णायक दिनेश गोजाएविपुल जैनएबद्री प्रसाद सुथार थे।जिसमें डूंगरपुर शहर के उच्च माध्यमिक विद्यालयो से बालक बालिकाओं ने भाग लिया कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर देवेंद्र गर्ल्स उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वितीय स्थान पर बालिका विद्यालय शास्त्री कॉलोनीए तृतीय स्थान विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय नई बस्ती व चतुर्थ स्थान गौरी शंकर उपाध्याय नंबर 6 विद्यालय ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रथम द्वितीय आने पर बालिकाओं को शिल्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए।

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ आंदोलन की राह पर

■ 11 सूत्री मांग पत्र की मांगों को लेकर 6 अक्टूबर को सौपेगे ज्ञापन

डूंगरपुर(निसं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के 11 सूत्री मांग पत्र कि मांगो पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं करने एवं संवादहीनता के विरोध में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने आंदोलन का निर्णय किया है।

महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष महावीर शर्मा ने बताया कि सरकार के द्वारा अधीनस्थ सेवाओं के कर्मचारियों के साथ दोहरे मापदंड अपनाए जा रहे हैं। अधीनस्थ सेवाओं के कर्मचारियों कि खेमराज समिति की रिपोर्ट के आधार पर ना हीं तो वेतन विसंगतियां दूर की गई है एवं ना ही पदोन्नति विसंगतियां दूर की जा रही है। अधीनस्थ सेवाओं के कर्मचारियों को पूरी सेवा काल में एक भी पदोन्नति का अवसर नहीं मिल रहा है। महासंघ से सम्बद्ध एएनएम एलएचवी, पशुधन निरीक्षक, शारीरिक शिक्षा अध्यापक ग्रेड तृतीया, नर्सिंग ऑफिसर, ग्राम विकास अधिकारी, तृतीय श्रेणी अध्यापक, पटवारी, कनिष्ठ नर्सिंग कंपाउंडर आयुर्वेद, कांस्टेबल, सूचना सहायक,कृषि पर्यवेक्षक, वनरक्षक, संगणक, वर्क चार्ज कर्मचारी एवं सहायक कर्मचारी आदि संवर्गों के मात्र 1० से 2० प्रतिशत पदोन्नति के पद है जिससे इनकी प्रथम पदोन्नति भी 15 से 2० वर्ष में होती है तथा द्वितीय पदोन्नति तो बहुत ही कम कर्मचारियों की होती है।

यह बहुत बडी पदोन्नति विसंगति है:-प्रत्येक संवर्ग के कर्मचारियों को पदोन्नति के पांच अवसर उपलब्ध करवाये जाए या सहायक कर्मचारी सहित प्रत्येक कर्मचारी को पदोन्नति के पांच अवसर नहीं होने की स्थिति में 7, 14, 21, 28 एवं 32 वर्ष की सेवा पर पदोन्नति पद का वेतनमान स्वीकृत किया जावे। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारियों कि उदसीनता के कारण वर्षों से पदोन्नतियां भी लंबित है। शिक्षा विभाग में तृतीय श्रेणी शिक्षकों एवं शारीरिक शिक्षकों ए पशु पालन विभागए पंचायती राज विभाग,वन विभागए स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, आयुर्वेदिक चिकित्सा विभाग आदि में 4 से 5 पदोन्नति वर्षो की पदोन्नतियां लंबित है। विभिन्न संवर्गों की पदनाम परिवर्तन की मांग पर सरकार द्वारा पिक एंड चूज की पॉलिसी अपनाई जा रही है जो न्यायोचित नहीं है, प्रत्येक संवर्ग की मांग पर व्यावहारिक एवं सम्मानजनक पदनाम परिवर्तन किये जाये।

प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना लागू हो चुकी है। एनपीएस में काटे गए 53 ह?ार करोड रुपए जीपीएफ खातों में जमा करवाये जावे। वेतन विसंगति दूर करते हुए कार्मिकों का न्यूनतम वेतनमान 26 निर्धारित करवाना एवं ग्रामीण क्षेत्र के कार्मिकों को मूल वेतन का 1० प्रतिशत ग्रामीण भत्ता स्वीकृत करवाना महासंघ कि मुख्य मांग है। संविदा एवं आउटसोर्स पर नियुक्तियां बंद की जावे तथा सभी संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित किया जावेए समस्त विभागों एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में रिक्त पदों को नियमित नियुक्तियों से भरा जावे। समस्त विभागों के लिए पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करते हुए तृतीय श्रेणी शिक्षकों के वर्षों से लंबित स्थानांतरण किये जावे। आरजीएचएस योजना में की जा रही कटौतियों को बंद किया जावे एवं योजना को मूल स्वरूप में पुन: लागू किया जावे। महासंघ के महामंत्री महावीर सिहाग ने बताया कि इन मांगों को लेकर महासंघ ने चरण पद आंदोलन का निर्णय किया है। आंदोलन के चरणानुसार प्रथम चरण में 23 सितंबर मुख्य सचिव को आंदोलन का नोटिस दिया जा चूका है। द्वितीय चरण में 6 अक्टूबर 2०25 को जिला स्तर पर ज्ञापन एवं तैयारी बैठके आयोजित कि जाएगी। तृतीय चरण में 7 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक कर्मचारी जागरण अभियान चतुर्थ चरण में 15 अक्टूबर को जिला स्तर पर चेतावनी धरना,पंचम चरण में 3० अक्टूबर से 2० नवंबर तक संपूर्ण प्रदेश में संघर्ष चेतना यात्रा रहेंगी।

जागरूकता रैली में दिया बाल संरक्षण का संदेश

डूंगरपुर(निसं)। राजस्थान पुलिस द्वारा राज्यव्यापी ऑपरेशन जागृति चरण-०4 के तहत रेंज के सभी जिलों में पोक्सो अधिनियम पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर जागरूकता रैली निकालकर बाल संरक्षण का संदेश दिया गया। पुलिस महानिरीक्षक गौरव श्रीवास्तव के निर्देशन में उदयपुर रेंज पुलिस और यूनिसेफ राजस्थान के सहयोग से संचालित पुलिसिंग फॉर केयर ऑफ चिल्ड्रन कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।

इसके तहत डूंगरपुर में पॉक्सो अधिनियम की जानकारी देने के लिए पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजीव परिहार ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इस रैली के माध्यम से बच्चों को यौन शोषण से बचाने के लिए निहित संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही और इस सप्ताह के तहत आयोजित गतिविधियों के माध्यम से बाल सरंक्षण के प्रति हर वर्ग को जागरूक होकर भागीदारी निभाने का आ ान किया। इस अवसर पर यूनिसेफ की बाल संरक्षण सलाहकार श्रीमती सिंधु बिनुजीत ने कहा कि बालकों को यौन अपराध से बचाना हम सभी का दायित्व है और इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के साथ होने वाले यौन दुराचार से उनको बचाने एवं आमजन को उनकी सुरक्षा के लिए बनाए पोक्सो कानून की जानकारी देकर जागरूक करना है। रैली जिला कलेक्टर कार्यालय से प्रारंभ होकर तहसील चौराहा, बस स्टेंड, मुख्य बाजार, गैप सागर की पाल होते हुए सर्किट हाउस आकर समाप्त हुई। रैली में एसआई सकाराम, एसआई अशोक कुमार के साथ पुलिस विभाग की लेडी पेट्रोलिंग टीम, कालिका टीम, पुलिस की सिग्मा, यातायात पुलिस और जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कार्मिक मौजूद रहे।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांकः उविप/नियमन रिकॉर्ड/2025/3156 **आम सूचना** दिनांकः- 24/9/2025

निम्न आवेदनकर्ता द्वारा अपने भूखण्ड का वारीसान/वसीयत/हक त्याग/विक्रय पत्र के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है:-

क्र. सं.	भुखण्ड संख्या	क्षेत्रफल (वर्गफीट)	राजस्व ग्राम एवं खसरा संख्या	आवेदक का नाम / पिता का नाम	मृतक का नाम एवं स्वामित्व का आधार
1.	14 (MUT No. 4662)	2415	शोभागपुरा खसरा नं. 1239, 1240	श्रीमती पानी बाई पत्नी स्व. श्री बद्रीलाल सोनी निवासी- सोनियो की गली, भड़भूजा घाटी, उदयपुर (राज.)	श्री बद्रीलाल सोनी पिता श्री सायरा जी सोनी का स्वर्गवास दिनांक 13-11-2018 को होने पर उनके वारिसानों द्वारा किए गए पंजीकृत हक त्याग प्त्र दिनांक 08-06-2022 के आधार पर नामांतरण चाहा गया है।

अतः उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामान्तरण पत्र जारी करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति/एतराज हो तो वो अपनी आपत्ति मय आधारों सहित इस सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में संबंधित शाखा के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सम्बंधित शाखा प्रभारी को लिपिक को प्रस्तुत करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवेदक के नाम पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण-पत्र/लीजडीड जारी की जा सकेगा।

(डॉ. अभिनव शर्मा) तहसीलदार, उदयपुर विकास प्राधिकरण उदयपुर (राज.)

विभागीय योजनान्तर्गत 2 करोड 33 लाख रूपये की राशि वितरित की गई

■ आयु 18 से 60 वर्ष के मध्य तथा पिछले एक वर्ष में 90 दिवस तक श्रमिक के रूप में कार्यरत होना आवश्यक है

प्रतापगढ़(निसं)। श्रम विभाग, प्रतापगढ द्वारा राज्य सरकार निर्देशानुसार दिनांक 17.09.2025 से निरन्तर चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत रामपुरिया, रतनपुरिया, बरखेडा, बसेडा, बेडमा, झाझली, नालपाडा, रोहनिया, करमदीखेडा, बमोतर, झांझली, सेमलिया, कचोटिया, पानमोडी, गादोला आदि शहरी तथा ठामीण स्थानों पर भाग पर लिया

सेवा पखवाडे के सम्बन्ध में श्रम कल्याण अधिकारी गोपाल मीणा प्रतापगढ़ द्वारा बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत जिन निर्माण श्रमिकों का पंजीयन 03 वर्ष से पूर्व का है, उन्हे निर्माण श्रमिक टूलकिट सहायता योजना के अन्तर्गत औजार/टूलकिट खरीदने पर 2000/- रूपये अथवा वास्तविक क्रय मुल्य जो भी कम हो का पुनर्भरण का लाभ दिया गया। मीणा द्वारा बताया कि राज्य सरकार की टूलकिट योजना में 80 आवेदन प्राप्त हुये जिसमें से 181 आवेदन उक्त टूलकिट योजना में स्वीकृत करते हुये, राशि 362000/- श्रमिकों को वितरित की गई।

इसी क्रम में को माननीय मुख्यमंत्री, श्रम विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा दिनांक 30.09.2025 को जैतारण, ब्यावर (राजस्थान) में लाभार्थियों को निर्माण श्रमिक शिक्षा व कौशल योजना, प्रसूति सहायता योजना, पंजीकृत हिताधिकारी की सामान्य अथवा दुर्घटना अथवा मृत्यु या घायल होने की दशा में सहायता योजना आदि विभागीय योजनाओं का लाभ देते हुये सम्पूर्ण राजस्थान में कुल 209 करोड़ रूपये की राशि डीबीटी (डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर) के माध्यम से वितरित की, जिसमें से प्रतापगढ़ के लाभार्थियों को 2 करोड 33 लाख रूपये की राशि वितरित की गई।

श्रम अधिकारी द्वारा बताया कि श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त किये जाने हेतु श्रमिक कार्ड का पंजीकृत होना आवश्यक है तथा पंजीकरण करवाये जाने हेतु निर्माण श्रमिक की आयु 18 से 60 वर्ष के मध्य तथा पिछले एक वर्ष में 90 दिवस तक श्रमिक के रूप में कार्यरत होना आवश्यक है। श्रम विभाग द्वारा विभाग की अन्य सभी योजनाओं का केम्प के दौरान प्रचार प्रसार किया जा रहा है तथा जागरूकता फैलाई जा रही है ताकि अधिक से अधिक श्रमिकों को लाभान्वित किया जा सके।

धूमधाम से मनाया दशहरा उत्सव, बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

उदयपुर(निसं)। शहर के चित्रकूट नगर स्थित गोकुल पार्क में नवरात्रि समापन पर दशहरा उत्सव बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों सहित बच्चों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। वहीं, आकर्षक झांकियों ने वातावरण को और अधिक उल्लासमय बना दिया। चित्रकूट युवा संगठन के अर्जयें दवे ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं भाजपा नेता अतुल चंडालिया, वरिष्ठ पत्रकार मनु राव, युवा पत्रकार सुनील पंडित, युवा नेता अभिषेक व्यास, समाजसेवी मांगी लाल सुथार और तरूण डांगी सहित कई उपस्थित रहे।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांकः उविप/नियमन रिकॉर्ड/2025/3314 **आम सूचना** दिनांकः- 3/10/2025

निम्न आवेदनकर्ता द्वारा अपने भूखण्ड का वारीसान के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है:-

क्र. सं.	भुखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	राजस्व ग्राम	आवेदक का नाम / पिता का नाम	मृतक का नाम / दस्तावेज
1.	61 (MUT No. 5242)	1950 वर्गफीट	सविना खसरा नं. 880 से 888, 4138/884	श्रीमती परवीन बानो कुरैशी पत्नी स्व. श्री शब्बीर कुरैशी, निवासी- 28, न्यू सर्राफा बाजार, मुखर्जी चौक, उदयपुर	श्री शब्बीर कुरैशी पिता स्व. श्री लाल मोहम्मद जी का मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 14.01.2020 एवं पंजीकृत गिफ्ट डीड दिनांक 27.07.2021 एवं पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 12.03.2021 के आधार पर नामान्तरण चाहा गया है।
2.	62 (MUT No. 5245)	1950 वर्गफीट			श्री शब्बीर कुरैशी पिता स्व. श्री लाल मोहम्मद जी का मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 14.01.2020 एवं पंजीकृत गिफ्ट डीड दिनांक 27.07.2021 एवं पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 12.03.2021 के आधार पर नामान्तरण चाहा गया है।

अतः उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामान्तरण पत्र जारी करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/ फर्म को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति/एतराज हो तो वो अपनी आपत्ति मय आधारों सहित इस सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में संबंधित शाखा के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सम्बंधित शाखा प्रभारी को लिपिक को प्रस्तुत करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवेदक के नाम पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण-पत्र/लीजडीड जारी की जा सकेगा। **(रणजीत सिंह विद्यू) तहसीलदार, उदयपुर विकास प्राधिकरण उदयपुर (राज.)**

जिला स्तरीय इंसपायर अवार्ड प्रदर्शनी

डूंगरपुर(निसं)। विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय गोकुलपुरा में जिला स्तरीय इंसपायर अवार्ड प्रदर्शनी सत्र 2०24-25 का आयोजन हुआ जिसमें जिले के विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट आइडिया के अनुरूप मॉडल प्रस्तुत कियें।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक रणोली थे जिन्होंने मॉडल की प्रशंसा करते हुए अधिकतम विद्यार्थियों को भाग लेने का आव्हान किया तथा दैनिक जीवन में विज्ञान का अधिकतम उपयोग करने पर जोर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद् डूंगरपुर के अध्यक्ष अमृत लाल कलासुआ ने की जबकि विशिष्ट अतिथि उपसभापति सुदर्शन जैन,भाजपा उपाध्यक्ष हंसमुख पंड्या, भाजपा जिला मंत्री पंकज जैन, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक नीरज जोशी, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी दिपक उपाध्याय, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी अमृत यादव, डॉ. प्रकाश शर्मा, जयप्रकाश चौबीसा, कांतिलाल खराडी, हिम्मत सिंह पंवार अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी रहें।

एनएच-927 ए के नियमों की उडाई जा रही सरेआम धज्जियां

■ विरोध के बावजूद जिम्मेदारों ने की अनदेखी, और 23 दूकानों का निर्माण एक भू-माफिया द्वारा करवाया जा रहा है

डूंगरपुर(निसं)। जिला मुख्यालय को उदयपुर मार्ग से जोडने वाली डूंगरपुर-खेरवाडा सडक जो कि एनएच-927 ए के रूप में पंजीकृत है तथा उस मार्ग पर किसी भी प्रकार के निर्माण के लिए निर्धारित दूरी बनाकर किसी भी निर्माण कार्य को स्वीकृति देने के नियमो की राजस्व विभाग एवं जिला प्रशासन की अनदेखी व मिलीभगत के चलते सरेआम धज्जियां उडाई जा रही है और नियमानुसार दूरी की आधी दूरी पर ही 23 दूकानों का निर्माण एक भू-माफिया द्वारा करवाया जा रहा है और इस संबंध में ग्राम पंचायत पालवडा के सरपंच सहित ग्रामीणों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन देकर तत्काल रूकवाने की मांग की,लेकिन इसके बावजूद न तो उक्त कार्य रूका और वर्तमान में इस निर्माण के चलते एनिकट का अस्तित्व भी खतरे में आ गया है। ग्राम पंचायत पालवडा माताजी फला में मुख्य सडक से कोई 65-7० फीट की दूरी पर एक भू-माफिया द्वारा तत्कालीन पटवारी व सरपंच की मिलीभगत से भूमि को अपने नाम न केवल आवंटन कराकर अपितु एनएच के नियमो की धज्जियां उडाते हुए 23 दूकानों का निर्माण कार्य बिना किसी रोकटोक के शुरू कर दिया जब कि रेवेन्यू रिकोर्ड के अनुसार वर्ष 1984-85 में क्षेत्र के भू-जल स्तर को बढाने एवं खेती को बढावा देने के उदेश्य से लाखों रूपया खर्च कर एनिकट का निर्माण करवाया गया था, लेकिन उक्त निर्माण से उस एनिकट का अस्तित्व भी खतरे में आ गया है और उसे पाटने की साजिश भी की जा रही है जिसको लेकर ग्रामीणो ने जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया।

लेकिन उस निर्माण कार्य के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई उलटे सदर थाना पुलिस के द्वारा ग्रामीणो को धमकाया गया और उनके खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही गई। जबकि इस दौरान कोई ऐसा घटनाक्रम नही हुआ था जिसे कानून व्यवस्था बिगडे । वर्तमान सरपंच रमेश मीणा से बात की तो उन्होने कहा कि इस संबंध में उन्होने ग्रामीणों के साथ विरोध भी किया था, लेकिन पूर्व सरपंच तथा तत्कालीन पटवारी ने अपने निजी स्वार्थ एवं जिला प्रशासन के राजस्व विभाग के जुडे अधिकारियों की मिलीभगत से नियमों की धज्जिया उडाई जा रही है।

कार्यालय ग्राम पंचायत भूताला, पंचायत समिति बड़गांव, जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-ग्रा.प.भू./25-26/116 दिनांक-1/9/2025

-:ई निविदा सूचना वर्ष 2025-26:-

ग्राम पंचायत भूताला में विभिन्न निर्माण कार्यो हेतु इच्छुक एवं सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको ई निविदा द्वारा निविदाएं दिनांक 06.10.2025 तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in एवं eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN N0 ZUD2526WSOB02023
ZUD2526WSOB02024

प्रशासक ग्राम पंचायत भूताला पं.स.बड़गांव (उदयपुर)
ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत भूताला पं.स.बड़गांव (उदयपुर)

हजारों लोगों की मौजूदगी में धूमधाम से हुआ रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद का दहन

निंबाहेड़ा(निसं)। नगर परिषद निंबाहेडा द्वारा आयोजित ग्यारह दिवसीय राष्ट्रीय दशहरा मेले का समापन गुरुवार को विजयादशमी के अवसर पर रावण दहन के साथ हुआ। राष्ट्रीय दशहरा मेला प्रांगण में हज़ारों मेलार्थियों की उपस्थिति में बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक स्वरूप रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के विशाल पुतलों का रात्री 8.20 बजे दहन किया गया।

दशहरा मेले के इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मेला आयोजन समिति संरक्षक, पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष रतन लाल गाडरी ने की। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, श्री सांवलिया जी मंदिर मण्डल ट्रस्ट अध्यक्ष जानकीदास वैष्णव, पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट कनेरा मण्डल अध्यक्ष जुगलकिशोर धाकड़ सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। प्रशासनिक स्तर पर भी अधिकारियों की विशेष मौजूदगी रही। उपखंड अधिकारी एवं नगर परिषद प्रशासक विकास पंचौली, एडिशनल एसपी मुकेश सांखला, पुलिस उप अधीक्षक बद्रीलाल राव, नगर परिषद आयुक्त कौशल कुमार खटूमरा, तहसीलदार घनश्याम झरवार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

रावण दहन से पूर्व रामलीला मंचन में कलाकारों ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जीवन लीला का सजीव चित्रण प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उपस्थित दर्शकों ने कलाकारों के संवाद और प्रस्तुति की सराहना की। रामलीला के समापन के बाद जब रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों में अग्नि प्रज्वलित की गई तो आसमान आतिशबाजी से जगमगा उठा और पूरा मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता चंद्रमोहन गुप्ता, डॉ. जे.एम. जैन, प्रदीप मोदी, विरेश चपलोत, भाजपा नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, कमलेश बुनकर, उपाध्यक्ष गोपाल पंचौली, पुष्कर सोनी, लक्की आहूजा, नगर मं